राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'महाशिवरात्रि' पर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 20 फरवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'महाशिवरात्रि' पर्व के सुअवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपनी मंगलकामना में कहा है कि भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी कथाओं से हमें अपने जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निरन्तर सृजनात्मक सोच और प्रयास बनाये रखने तथा सामाजिक समरसता के लिए सदैव सजग रहने की सत्प्रेरणा मिलती है। 'महाशिवरात्रि' पर्व भक्ति, साधना, प्रेम, समता और सौहार्द का संदेश देता है।

राज्यपाल ने 'महाशिवरात्रि' पर्व को सद्भावना, भक्ति, कल्याण–कामना और उत्साह पूर्वक आयोजित करने का सबसे अनुरोध किया है।

....